तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4



हाथियों की ट्रैकिंग करने जंगल में लगेगा ऑटोमैटिक ट्रैप कैमरा, पल-पल की मिलती रहेगी जानकारी

## खबर संक्षेप

### आधारकार्ड अपडेशन हेतु जोन कार्यालयों में 18 तक शिविर

**कोरबा।** आयुष्मान वयवंदन योजना के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में निवासरत 70 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे वरिष्ठ नागरिकों जिनके कार्ड नहीं बने हैं, उनका आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर लिंक, अपडेशन कार्य के लिए निगम के सभी जोन कार्यालयों में 18 सितम्बर तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर शिविर आयोजन के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हैं। इस हेतु नगर निगम के समस्त वार्डो के लिए दलों का गठन कर दिया गया है तथा दलों में अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए शेष बचे सभी हितग्राहियों का आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर लिंक अपडेशन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### अभियंता दिवस आज, कोरबा पश्चिम में होंगे कार्यक्रम

**कोरबा।** महान अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी के जन्म दिवस 15 सितंबर को अभियंता दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में भी एसके कटियार प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी एवं मनोज कुमार झावर चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पावर ट्रेडिंग कॉरपोरेशन इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली के मुख्य अतिथि में सीनियर क्लब रविंद्र संस्कृतिक भवन हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में रायपुर, बिलासपुर, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी कोरबा पूर्व, अटल बिहारी वाजपेई, मड़वा तप विद्युत गृह के अभियंता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पावर सेक्टर में चुनौतियों और इंजीनियरिंग में उनका समाधान ढूंढना है । इस कार्यक्रम में अभियंताओं के उपलब्धियां को बताया जाएगा एवं युवा अभियंताओं को उनके बेहतर कार्य कुशलता के गुण सिखाए जाएंगे तथा अभियंता शिरोमणि श्री मोक्षागुंडम विश्वेश्वरैया जी के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो एवं उनके द्वारा स्थापित अभियांत्रिकी मापदंड का पर गहन चर्चा की जाएगी।

### जीवन सहायक उपकरण प्रदान करने मूल्यांकन शिविर 18 को

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठजनों को निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु मूल्यांकन शिविर का आयोजन 18 सितम्बर को बालको मैत्री संघ भवन बालको में किया जाएगा। उक्त शिविर में वरिष्ठजनों को आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि लाना होगा, वरिष्ठजनों की उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा उनकी सभी स्त्रोतों से मासिक आय 14500 रूपये प्रतिमाह से कम होनी चाहिए।

### राज्य व्यवसायिक परीक्षा की मुख्य परीक्षा के फार्म 19 तक होंगे जमा

**कोरबा।** शासकीय आईटीआई करतला के इंजीनियरिंग एवं नान इंजिनियरिंग व्यवसायों के राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) एवं स्कूल आईटीआई के संयुक्त अध्यापन योजना में कक्षा 12वी के विद्यार्थीयों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा माह सितम्बर समय सारणी अनुसार 25 सितंबर से प्रारंभ होकर 6 अक्टूबर तक सम्पन्न होगी। आयोजित परीक्षा में संस्था से सत्र 2024-25 एकवर्षीय व्यवसाय नियमित, सत्र 2023-25 द्विवर्षीय नियमित (द्वितीय वर्ष),सत्र 2024-26 द्विवर्षीय नियमित (प्रथम वर्ष), एवं सत्र 2023-25 संचालित एससीव्हीटी स्कूल आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी तथा सभी भूतपुर्व प्रशिक्षणार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगे। समस्त पात्र प्रशिक्षणार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने प्रशिक्षणार्थी परीक्षा फार्म 15 से 19 सितंबर तक कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर संबंधित व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी से प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

# सहकारी समितियों को बैंक से मिले ट्रैक्टर हुए कबाड़, खेती के लिए किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आर्थिक रुप से कमजोर और संसाधन विहिन किसानों को सहकारी समितियों से कम किराये पर खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टर उपलब्ध कराने के लिए सहकारी बैंक से फायनेंस स्कीम से दिये गये ट्रैक्टर आज कबाड़ होकर पड़े हुए हैं तो वहीं खेत जुताई के लिए किसानों को अधिक किराये पर ट्रैक्टर लेना पड़ रहा है। बैंक और समितियों की लापरवाही के परिणाम स्वरुप सरकारी राशि के ट्रैक्टर कबाड़ हो गए हैं वहीं किसान परेशान हो रहे हैं।

आज से सात वर्ष पूर्व जिले की पांच सहकारी समिति चिकनीपाली, रामपुर, बरपाली, सरगबुंदिया में जिला सहकारी बैंक की बरपाली शाखा से समितियों को ट्रैक्टर फायनेंस किये थे। ये सभी समितियां बड़ी समितियां है और इनके अंतर्गत आने वाले गांव की संख्या अधिक है, किसान भी अधिक हैं। जिसकी वजह से खरीदी भी सर्वाधिक होती है। आर्थिक रुप से सक्षम समितियों को ट्रैक्टर उपलब्ध कराने के पीछे आर्थिक रुप से कमजोर और संसाधन विहिन छोटे किसानों को खेतों की जुताई एवं अन्य कार्यों के लिए ट्रैक्टर फायनेंस स्कीम के तहत उपलब्ध कराये गये थे ताकि आर्थिक रुप से कमजोर किसानों को नाम मात्र के किराये के रुप में खेत जुताई व धान के परिवहन हेतु समितियों से ट्रैक्टर उपलब्ध हो सके।

शुरुआत में टैक्टरों का उपयोग हुआ और छोटे और मंझोले किसानों को इससे बड़ी राहत मिली जो किसान खेत की जुताई समय पर नहीं कर पाते थे उनके लिए यह योजना रामबाण सिद्ध हुई। किंतु बैंक और सहकारी समितियों ने लगातार चलने वाले ट्रैक्टरों में आने वाली खराबी को दूर करने हेतु मरम्मत के कार्य में उदासीनता बरती परिणाम स्वरुप इन समितियों को मिले ट्रैक्टर अब कबाड़ हो चले हैं। समितियों के पीछे गोदाम के पास ये इस स्थिति में है के इन्हें अब कबाड़ में ही बेचा जा सकता है।

### किश्त पटाने समितियों को स्वयं के आय से करना पड़ा खर्च

**खास बात**

- जिले के पांच समितियों को सहकारी बैंक से कराया गया था बैंक फायनेंस



**कबाड़ हो गए हैं ट्रैक्टर**

किसानों को खेती की जुताई के लिए बैंक से समितियों को सहकारी बैंक के द्वारा ट्रैक्टर उपलब्ध कराये गए थे जिसकी किश्त समितियों को चुकाना पड़ा है। लोन की रकम पूरी जमा करा दी गई है। किंतु ट्रैक्टर अब पूरी तरह कबाड़ हो चुके हैं।

**- रोहित कंवर,** प्रबंधक सहकारी समिति चिकनीपाली

### चार शिक्षकों के खिलाफ विभाग ने की निलंबन की कार्यवाही

# युक्तियुक्तकरण के बाद ज्वाईन नहीं करने वाले 84 शिक्षकों का दो माह का रोका गया वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युक्तियुक्तकरण के बाद काउंसलिंग में आबंटित किए गए स्कूलों में ज्वाईन नहीं करने वाले जिले के 84 शिक्षकों के खिलाफ दो माह का वेतन रोकने की बड़ी कार्यवाही की गई है। साथ ही चार शिक्षकों को निलंबित किया जा चुका है। निलंबित होने वाले शिक्षकों की संख्या 8 हो चुकी है।



फाइल फोटो

**खास बात**

- जून माह के प्रथम सप्ताह में पूरी की गई थी युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया

इस कार्यवाही से ज्वाईनिंग करने वाले शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

जून माह के प्रथम सप्ताह में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी की गई थी। उसके पूर्व अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार कर दावा आपत्ति मंगाई गई और उसके बाद युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही शुरु की गई। काउंसलिंग के द्वारा शिक्षकों को स्कूल आबंटित किये गये। इससे अधिकांश शिक्षक न्यायालय का शरण ले लिए किंतु राज्य सरकार के द्वारा कोर्ट में कैबियट दायर करने की वजह से कोर्ट ने उनके प्रकरणों को जिले के समिति वापस भेज दिया। जहां उनके प्रकरणों की सुनवाई करने के बाद काउसलिंग में आबंटित स्कूलों में ही ज्वाईनिंग के निर्देश दिये गये। किंतु उसके बावजूद 84 शिक्षकों ने सितंबर माह तक अपने स्कूल में ज्वाईनिंग नहीं दी है। जबकि शिक्षण सत्र को शुरु हुए तीन माह का समय बीत चुका है। शिक्षकों के स्कूलों में ज्वाईनिंग नहीं देने की वजह से हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल की लगातार पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके मद्देनजर राज्य शासन से मिले निर्देश के तहत ऐसे शिक्षकों के खिलाफ शिक्षा विभाग के द्वारा कार्यवाही शुरु कर दी गई है। इसके तहत कुल 84 शिक्षकों के खिलाफ उनके दो माह का वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है और 4 शिक्षकों को लंबित की गई है। इसके पूर्व भी चार शिक्षकों को निलंबित किया जा चुका है। इससे निलंबित होने वाली शिक्षकों की संख्या 8 हो चुकी है। वेतन रोकने जैसे कार्यवाही के बाद ज्वाईनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

### टूट रहा था ज्वाईनिंग करने वाले शिक्षकों का मनोबल

युक्तियुक्तकरण के बाद राज्य शासन के निर्देशों के तहत काउंसलिंग में आबंटित स्कूलों में अधिकांश शिक्षकों ने 16 जून को नए शिक्षण सत्र से ही ज्वाईनिंग दे दी गई थी, वहीं कुछ शिक्षकों ने जुलाई के प्रथम सप्ताह में ज्वाईनिंग दी। इन शिक्षकों का मनोबल ज्वाईनिंग के बाद इसलिए टूट रहा था कि उन्होंने शासन के निर्देशों का पालन करते हुए दूर दराज के स्कूलों में ज्वाईनिंग दे दी है। वहीं शासन के निर्देशों के विपरीत जाकर स्कूलों में ज्वाईनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी किंतु अब जिस तरह से शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही हुई है उससे ज्वाईनिंग करने वाले शिक्षकों को न्याय मिलना बताया जा रहा है।

### इतने शिक्षक मिले थे अतिशेष

युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक शाला के 292 सहायक शिक्षक एवं 15 प्रधानपाठक एवं मिडिल स्कूल में 153 शिक्षक अतिशेष शिक्षक के रुप में चिन्हांकित हुए थे जिन्हें एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहिन स्कूलों में पदस्थ किया गया है। ज्वाईनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों ने जिला स्तरीय समिति के समक्ष अभ्यायोदन प्रस्तुत किया था जो सकारात्मक नहीं पाये जाने के कारण उनके आवेदनों को समिति के द्वारा निरस्त कर दिया गया था जो पांच आवेदन पात्र पाये गये थे उनकी सुनवाई हुई है।

### दूरस्थ स्कूलों में मानदेय शिक्षकों ने दी ज्वाईनिंग

युक्तियुक्तकरण के बाद ज्वाईनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों में मिडिल स्कूल के शिक्षक भी शामिल है। जिले मुख्यालय से 30 से 40 किमी दूर के स्कूलों में शिक्षकों को ज्वाईनिंग देना था किंतु ऐसे शिक्षक भी मिडिल स्कूल में ज्वाईनिंग नहीं दिये। इन स्कूलों में डीएमएफ से मानदेय शिक्षकों की पदस्थापना किये जाने से ऐसे मिडिल स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पटरी पर आ गई है। लगभग 5 सौ से अधिक प्रायमरी मिडिल और हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में मानदेय शिक्षकों ने अपनी ज्वाईनिंग दे दी है। जिससे लड़खड़ाती शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर आ गई है।

**निर्देशों पर हुई कार्यवाही**

शासन के निर्देशों के तहत ज्वाईनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ वेतन रोकने और निलंबन जैसे कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के पूर्व उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी की गई थी। जिसपर उनके द्वारा दिये गये जवाब सकारात्मक नहीं पाये गये थे।

**- टीपी उपाध्याय,** डीईओ

# युवक का अपहरण कर बेरहमी से पिटाई, बीच जंगल में छोड़ा



घटनास्थल में पड़ा घायल युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गांव गांव में पेटी ठेका लेकर घर बनाने वाले एक युवक का सीएसईबी कर्मी सहित अन्य लोगों ने अपहरण कर लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे जंगल में छोड़ दिया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस की टीम हरकत में आई और पुलिस ने इस मामले में अपहरण कर मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी की है। यहां निवासरत इंद्रपाल कंवर उम्र 35 वर्ष पिता तिहारो राम कंवर आसपास के गांव में पेटी ठेका लेकर घर निर्माण करने का काम करता है। बताया जाता है कि ⏭ शेष पेज 2 पर

### बैटरी चोरी को लेकर चल रहा है विवाद

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि सीएसईबी कर्मी नंदराम पटेल व इंद्रपाल कंवर के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। बताया जाता है कि नंदराम पटेल की कुछ गाड़ियां चलती है और उसका डिपो भी है। नंदराम पटेल का आरोप है कि इंद्रपाल कंवर उसकी डिपो में खड़ी गाड़ियों से बैटरी की चोरी करता है। पूर्व में इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। जब पुलिस ने मामले में तस्दीक की तो मामला ऐसा कुछ पाया नहीं गया था बस इसी बात को लेकर इनके बीच विवाद चला आ रहा है।

**मामला किया गया दर्ज**

इंद्रपाल कंवर की रिपोर्ट पर पुलिस ने नंदराम पटेल, सीएसईबी कर्मी, हेम्स कारपोरेशन के सुपरवाइजर सत्रजीत सिंह, चालक राजू व देवेंद्र पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**- प्रमोद डडसेना,** थाना प्रभारी सिविल लाइन रामपुर

# अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोरभट्टी की है।

यहां निवासरत अर्जुन सिंह राठिया 38 वर्ष पिता परदेसी लाल राठिया की तबियत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए परिजनों ने मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अजगरबहार की है। यहां निवासरत संतोष सिंह 27 वर्ष पिता दिलहरण सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था।

जब उसकी तबियत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। संतोष ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- करतला थाना के ग्राम चोरभट्टी एवं बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत अजगरबहार में घटित हुई घटनाएं

# पुराने विवाद को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुरानी दुश्मनी के चलते नशे में धुत युवक ने एक टेलर पर डंडे से हमला कर दिया। वहीं बीच-बचाव करने आए युवक का गाल भी काट डाला।

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेवरा बस्ती शिक्षक मोहल्ला निवासी सोमनाथ पटेल की टेलर भागवत दीवान के पुत्र संदीप दीवान से लंबे समय से विवाद चल था। शनिवार की सुबह करीब 10:30 बजे वह संदीप से लड़ाई करने उसके घर पहुंचा। उस समय संदीप घर पर नहीं था केवल भागवत दीवान और उनकी पत्नी मौजूद थे। इसी दौरान आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए भागवत दीवान पर डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे अनीश दास ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका गाल काट लिया। घटना के बाद सोमनाथ अपने घर में जाकर छुप गया। जानकारी मिलते ही कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। वहीं गंभीर रूप से घायल भागवत दीवान को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जहां भागवत दीवान टेलर को सिर पर 7 टांके लगे है। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।



मारपीट में घायल युवक।

### विद्युत कंपनी अध्यक्ष एवं फेडरेशन की बैठक में चेयरमेन ने दिया आश्वासन

# पुरानी पेंशन और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण पर जल्द होगा फैसला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की बहु प्रतिक्षित पुरानी पेंशन बहारी की मांग सहित परिचारक लाईन (संविदा) के पद पर कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण पर कंपनी प्रबंधन जल्द फैसला लेने वाली है। विद्युत कंपनी के चेयरमेन के साथ छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के प्रतिनिधियों की बैठक में चेयरमेन ने चर्चा के बाद आश्वासन दिया है कि दोनों मांगों पर शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा। अगर ऐसा होता है तो विद्युत कर्मचारियों व संविदा लाईन परिचारकों को इसका लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि विद्युत कंपनी के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के प्रतिनिधियों की 12 सितंबर को अध्यक्ष के सभागार में प्रबंधन के साथ द्विपक्षीय बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में लगभग डेढ़ घंटे तक ज्ञापन के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के पश्चात प्रबंधन द्वारा सभी मांगों पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया। विद्युत कंपनी अध्यक्ष ने संगठन की मांग पर पुरानी पेंशन की बहाली एवं परिचारक लाइन (संविदा) के पद पर कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण के प्रगति की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि संगठन के इन दो प्रमुख मांगों पर जल्द ही निर्णय लिए जाएंगे। विद्युत कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव, आरके शुक्ला प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन कंपनी तथा तीनों ही ⏭ शेष पेज 2 पर

### पदोन्नति के मामले पर भी हुई चर्चा

कंपनी में वर्ष 2020 से कार्यरत कार्यालय सहायक श्रेणी 3 को सहायक श्रेणी 2 के पद पर 5 वर्ष की सेवा आधार पर पदोन्नति देने, रिक्त पदों की स्थिति पर विधि सम्मत जानकारी के साथ पुनर्पदनामित पद को मात्र अपग्रेडेशन तथा सेवा की निरंतरता बताते हुए सर्वोच्च न्यायालय के दृष्टांतों का भी विस्तार से पदोन्नति के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भृत्यों को जो डाटा एंट्री ऑपरेटर की निर्धारित शैक्षणिक अहर्ता पूरी करते हैं, उन्हें विभागीय कोटा के अंतर्गत कंप्यूटर टंकण गति परीक्षा आधार पर चयन करने के सुझाव पर कंपनी द्वारा इस पर शीघ्र निर्णय लिए जाने की बात कही गई।

### रिक्त पदों पर भर्ती का उठा मुद्दा

बैठक में संगठन की ओर से तीनों कंपनियों के मानव संसाधन विभाग के एकीकरण के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। प्रबंधन द्वारा इसकी समीक्षा कर इस पर कार्रवाई करने के लिए आश्वस्त किया और कर्मचारियों के करियर प्रोग्रेशन, पदों की पुनर्पदसंरचना, पदों का अपग्रेडेशन जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का निर्णय लेने का भी भरोसा दिलाया है। फेडरेशन ने कंपनी में 50 प्रतिशत से अधिक नियमित रिक्त पदों के विरुद्ध कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने तथा सीधी भर्ती के माध्यम से रिक्त पदों को की पूर्ति करने का भी आग्रह किया।

### शिशु संरक्षण माह 30 तक

**कोरबा।** भारत शासन के दिशा-निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में शिशु संरक्षण माह विटामिन “ए“ अनुपूरण कार्यक्रम 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़किरण किया जाएगा।जिले में शिशु संरक्षरण माह वर्ष में दो बार छः माह के अन्तराल में आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऑगबाड़ी केन्द्रो/टीकाकरण केन्द्रों में निर्धारित सत्रों में 9 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन “ए“ तथा 6 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को आई.एफ.ए.सीरप पिलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में भव्य भूतपूर्व छात्रों का हुआ मिलन समारोह

**कोरबा।** श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत अध्यक्ष विद्या भारती जुरावन सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल तथा कार्यक्रम अध्यक्षता सुनील जैन, अध्यक्ष अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा की गई। विशेष आमंत्रित अतिथि बलराम विश्वकर्मा ने मोटिवेशनल स्पीच देकर उपस्थितों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार झा ने संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के समर्पित योगदान व छत्तीसगढ़ के सामाजिक-शैक्षणिक विकास में उसकी अहम भूमिका को रेखांकित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में वर्तमान छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत और नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे समस्त उपस्थित जन उत्साहित व मंत्रमुग्ध हो गए। प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी लोकगीत, आधुनिक गीत, सामूहिक नृत्य एवं कविताएं शामिल रही। इस दौरान अग्रवाल सभा श्री अग्रसेन शिक्षण समिति, प्राध्यापकगण, समाजसेवी, आमंत्रित अतिथि एवं समस्त छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजेश प्रकाश एक्का, राजेन्द्र सोनी, श्रीमती चंद्रवती सेंगर, श्रीमती नीना शर्मा एवं सुश्री नुपुर अग्रवाल एवं आभर डॉ. अन्नू सिंह ने किया।

### विधायक राठिया ने मूलभूत समस्याओं को लेकर सीएम को लिखा पत्र

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत समस्याएं बनी हुई है। विधायक फूलसिंह राठिया ने ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सामने आई परेशानियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बिजली, सड़क और शिक्षा जैसे तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पत्र में विधायक श्री राठिया ने उल्लेख करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत नकिया के ग्राम विमलता, रपटा तथा ग्राम पंचायत लेमरू का केऊबहार गांव आज भी बिजली विहीन हैं। बिजली सुविधा न होने से ग्रामीणों को रोजमर्रा के जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आग्रह किया है कि इन गांवों को जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। विधायक राठिया ने मुख्यमंत्री का ध्यान इस ओर भी दिलाया कि रामपुर क्षेत्र के कई गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत कई मार्गों को डामरीकरण हेतु स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी है। शिक्षा व्यवस्था को लेकर विधायक ने बताया कि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिर्रा में विद्यार्थियों के लिए बेंच और टेबल की भारी कमी है। शिक्षकों और छात्रों की इस मांग को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री से फर्नीचर उपलब्ध कराने की मांग की है। विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि बिजली, सड़क और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रत्येक नागरिक का अधिकार है।

## लोक निर्माण और पीएमजीएसवाई के विभाग ने की टीम गठित

# बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के नुकसान का होगा आंकलन



बारिश से क्षतिग्रस्त हुई पुलिया।



जटगा मुख्य मार्ग का धंसा हुआ हिस्सा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस वर्ष हुई भारी बारिश से सर्वाधिक नुकसान ग्रामीण अंचलों के लोक निर्माण विभाग के द्वारा बनाई गई मुख्य सड़क और ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क को हुआ है। कई स्थानों के सड़कें बह गई हैं। वहीं पुल पुलिया भी टूट चुके हैं, आंकलन के प्रारंभिक अनुमानित नुकसान में यह राशि करोड़ों के उपर हो चुकी है। कितने का नुकसान हुआ इसका आंकलन दोनों विभागों की टीम करेगी।

**खास बात**

- मैदानी अमले को दिए गए निरीक्षण के निर्देश

भारी बारिश की वजह से जिले के सरहदी इलाकों के साथ शहर से लगे ब्लॉक मुख्यालय के ग्रामीण अंचलों तक जाने वाली पीएम सड़क को ज्यादा नुकसान हुआ है। अधिकांश सड़कें जो कभी लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती थी उनको पीएमजीएसवाई के हैंडओवर किए जाने के बाद उनके रख रखाव की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री प्रकोष्ठ की हो गई है और ऐसी सड़कों की संख्या 12 से अधिक है। इन सड़कों में सर्वाधिक नुकसान वन क्षेत्र से गुजरने वाली सड़कों को हुआ है। इनमें पुल पुलिया भी शामिल है। बारिश का दौर अभी भी जारी है, ऐसे में अभी तक दोनों विभागों की टीम ने अपने मैदानी अमले के माध्यम से नुकसान का सर्वे कराना शुरु किया है। ज्यादातर स्थानों में छोटे छोटे पुल पुलियों का नुकसान हुआ है। कई स्थानों में सड़कें कट गई हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के मातिन पहाड़ से लेकर जल्के, पिपरिया, कोडगार तथा लैंगा से पेंड्रा जाने वाली सड़क प्रमुख रुप से शामिल हैं जो बारिश की वजह से अब गढ्ढों में तब्दील हुई है। जिनकी मरम्मत कराना विभाग के लिए मुश्किल हो गया था। बारिश थमने के बाद पसान और पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्रों का सर्वे शुरु होगा।

**ग्राम गुरसिया-जटगा मार्ग पर जानलेवा गड्ढे-हादसे**

पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गुरसिया से जटगा मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से हादसों का खतरा बना हुआ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क पर तीन से चार जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिनके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में सड़क किनारे बने गड्ढे में गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई थी, लेकिन समय रहते मरम्मत न होने से सड़क जर्जर हो चुकी है। स्थिति यह है कि रात के अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देते और राहगीर सीधे उसमें फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या की जानकारी कई बार संबंधित विभाग को दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो वे आंदोलन का सहारा लेने पर मजबूर होंगे।

**इन क्षेत्रों में सड़क और पुल पुलिया को क्षति**

पाली ब्लॉक में उड़ान, पहाड़गांव, बालीउमरांव होकर जटगा जाने वाली सड़क जो पहाड़ से होकर गुजरती है, इस बारिश में कई स्थानों पर कट चुकी है। मिट्टी के कटाव के कारण सड़कें आधी कट चुकी है। यह मार्ग घुंईचुंआ से शुरु होकर जटगा तक जाता है। लगभग 20 किमी लंबे मार्ग की हालत खराब हो चली है। इसी तरह कोरबा विकासखंड के ग्राम अजगरबहार से सतरेंगा और देवपहरी तक जाने वाली सड़क भी अब आवागमन के लायक नहीं है। मिट्टी के कटाव और पहाड़ के कटाव की वजह से सड़क बारिश में दो दिन के लिए बंद हो गई थी। इस मार्ग में छोटे छोट पुल पुलिया को आंशिक नुकसान हुआ है। यही स्थिति कोरकोमा से बताती, पसरखेत के अलावा अजगरबहार चौक से कछार होते हुए माचाडोली जाने वाली सड़क की भी बताई गई है।

## रक्तदान करना बड़े ही पुण्य का कार्य : डॉ.गोपाल



रक्तदान करते लायंस क्लब के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर की सामाजिक संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी एव कटघोरा ब्लड बैंक के सयुंक्त तत्वावधान में कटघोरा स्थित गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कटघोरा में निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डायरेक्टर डॉ गोपाल गोस्वामी ने कहा कि निश्चित ही रक्तदान करना बहुत ही पूण्य का कार्य होता है आज जिस प्रकार से लगातार दुर्घटना हो रही है जिसे देखते हुए हर समय ब्लड की आवश्यकता बनी रहती है मगर सही समय पर ब्लड नही मिल पाने की वजह से मरीज को काफी परेशानी होती है सामाजिक संस्था के द्वारा इस प्रकार से लगाये गए केम्प में रक्तदाताओं के द्वारा किये गए रक्तदान से दुर्घटना में हुए मरीज को सही समय पर ब्लड मिल जाने पर मरीज जी जान बच जाती है। क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। ततपश्चात हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ गोपाल गोस्वामी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कटघोरा ब्लड बैंक के सहायता से हुए रक्तदान शिविर में करीब 35 लोगों ने निःस्वार्थ भाव से क्लब के सदस्य बड़े बुजुर्ग, महिलाएं एव बच्चों ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया ब्लड बैंक कटघोरा की ओर से रक्तदान करने वाले सभी दानदाताओं को हेड फोन गिफ्ट स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर अजय कंवर, निरंजन कंवर, राकेश कुमार,ज्योति प्रकाश, कमलेश कुमार, सुभाष कंवर, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संरक्षक अजय गर्ग, दीपक गर्ग, घनश्याम शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, नरेंद्र अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, अतुल मित्तल, गोपाल गोस्वामी, नितिन मित्तल, निखिल अग्रवाल, विकेश अग्रवाल, राजूदास दीवान, रूपेश सोनी उपस्थित रहे। अजय धनोंदिया ने किया 62वीं बार रक्तदान करते हुए बताया कि निश्चित ही हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि इससे शरीर मे रक्त का संचार होता है व नया रक्त बनता है सांथ ही व्यक्ति के द्वारा किया गया रक्तदान समय पड़ने पर जरूरतमन्द व्यक्ति के काम आता है।

## अग्रवाल नवयुवक मंडल ने किया रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा









नगर में सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वाधान में रविवार को रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर और आसपास के कुल 30 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया था। पहला वर्ग 1 से 8 वर्ष आयु वर्ग के लिए रहा। दूसरा वर्ग 8 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लिए आयोजित किया गया। बच्चों ने फिल्मी गीतों और सांस्कृतिक धुनों पर नृत्य प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को उल्लास और उत्साह से भर दिया। उनकी मनमोहक अदाओं और लयबद्ध तालमेल ने दर्शकों को लगातार तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। 1 से 8 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान आश्वि अग्रवाल, द्वितीय स्थान अव्यान अग्रवाल रहे। 8 से 16 वर्ष आयु वर्ग में में प्रथम स्थान आकृति अग्रवाल, द्वितीय स्थान काशवी अग्रवाल को मिला। निर्णायक मंडल ने सभी प्रस्तुतियों का बारीकी से मूल्यांकन करते हुए विजेताओं का चयन किया। निर्णायकों का कहना था कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ बच्चों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती हैं, बल्कि उनके अंदर छिपी हुई कला को निखारने का भी अवसर प्रदान करती हैं। आयोजन में नगरवासियों की भी भारी भागीदारी रही। प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक एवं दर्शक उपस्थित हुए और बच्चों का मनोबल बढ़ाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंजता रहा। इस सफल आयोजन के पीछे नवयुवक मंडल अध्यक्ष अमन गोयल, चिराग अग्रवाल और हनी अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## हिंदी भाषा की विशेषताओं तथा महत्व से बच्चों को कराया परिचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा हिंदी दिवस पर गोदग्राम भादा में दिवा शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन तथा जिला संगठन वाय के तिवारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने ग्राम के सार्वजनिक मंच के पास स्कूलों के बच्चों को हिंदी भाषा का इतिहास, वर्तनी, उच्चारण, मात्राएं, हिंदी लेखन-पठन कौशल व हिंदी के प्रमुख ग्रंथ रामचरित मानस, कामायनी, आदि के लेखक तुलसीदास जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जीवनी उनकी रचनाओं के महत्व प्रसंगों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में रासेयो के स्वयंसेवक देवांश कुमार तिवारी किशोर चौहान यशवंत दीक्षित प्रियांशु मिश्रा ने ग्राम के घरों की दीवारों पर नारा लिखकर तथा पोस्टर के माध्यम से हिंदी के महत्व को समाज को परिचित कराने का कार्य किया। स्वयंसेवकों ने ग्राम के हसदेव अमृत वाटिका में जामुन, कटहल, काजू, नीम, सीताफल आदि के पौधों का रोपण भी किया।

## निधन

### केपी सोनी



**कोरबा।** भदरापारा बालको नगर निवासी बालको के एकाउंट विभाग से सेवानिवृत्त केपी सोनी 82 वर्ष का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचार के लिए उन्हें बालको चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री सोनी का अंतिम संस्कार बालको स्थित मुक्तिधाम में किया गया। निधन की इस घटना से परिजन, स्वजन एवं परिचितों में गहरा शोक व्याप्त है। स्व.केपी सोनी नीरज सोनी एवं पंकज सोनी के पिता थे। वे अपने पीछे नाती-पोता सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं।

## आंगनबाड़ी कर्मियों का प्रदर्शन, 19 को सामूहिक अवकाश पर रहेंगी

**कोरबा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी लम्बित मांगों के समर्थन में 19 सितम्बर को सामूहिक अवकाश लेकर प्रान्तीय स्तर पर प्रदर्शन में शामिल होंगी। 8 सूत्रीय मांगों से संबधित ज्ञापन और आग्रह पत्र समय-समय पर संघ द्वारा शासन-प्रशासन को प्रेषित किया गया है लेकिन यह अत्यन्त खेद का विषय है कि इस संबंध में शासन-प्रशासन द्वारा न तो संघ के प्रतिनिधियों के साथ कोई सार्थक की गई है और न ही मांगों की पूर्ति। जिसके कारण प्रदेश के 1 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं में काफी आक्रोस व्याप्त है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ की जिलाध्यक्ष बीना साहू और सचिव सुचित्रा मानिकपुरी ने बताया कि प्रान्तीय निकाय द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णयानुसार संघर्ष के द्वितीय चरण में 19 सितम्बर को सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद रखेगे और रायपुर तूता में आयोजित धरना, रैली, प्रदर्शन में भाग लेंगी।

## बालको मेडिकल सेंटर ने कार्ट टी सेल थेरेपी से कैंसर उपचार को दी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मध्य भारत में कैंसर उपचार के क्षेत्र में अग्रणी बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने अपने वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव के तीसरे संस्करण से पहले कार्ट-टी सेल और थेरेप्यूटिक अफेरेसिस पर एक विशिष्ट एवं उन्नत कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक हेमेटोलॉजिस्ट्स, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विशेषज्ञ, ब्लड ट्रांसफ्यूजन ऑफिसर्स, तकनीकी विशेषज्ञ और पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यशाला से इस क्षेत्र में प्रिसिजन मेडिसिन और सेल बेस्ड थेरेपी के नए मानक स्थापित हुए।

कार्यशाला का नेतृत्व डॉ.नीलेश जैन सीनियर कंसल्टेंट एवं हेड, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं ब्लड सेंटर और डॉ.दिब्येंदु डे सीनियर कंसल्टेंट, हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बीएमटी, बीएमसी ने किया। यह कार्यक्रम डॉ.राजेश देशपांडे, सीनियर मैनेजर, मेडिकल अफेयर्स एवं क्लिनिकल एप्लीकेशन, फ्रेसीनियस काबी मेडटेक एशिया पैसिफिक एवं इंटरनेशनल रीजन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतिभागियों को कार्ट-टी सेल अफेरेसिस, थेरेप्यूटिक अफेरेसिस, हेमेटोपोएटिक स्टेम सेल कलेक्शन और साइटाफेरेसिस की गहन जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सत्र का उद्घाटन करते हुए वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ.भावना सिरोही ने कहा कि बीएमसी, कार्ट-टी जैसी आधुनिक सेल थेरेपी अपनाकर कैंसर इलाज को और बेहतर और युवा डॉक्टरों को सीखने का मौका दे रहा है। यह नवाचार कैंसर मरीजों के लिए आशा की किरण है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि बीएमसी को सेल और जीन थेरेपी का प्रमुख केंद्र बनाया जाए, ताकि भारत में कैंसर उपचार को नई दिशा मिले। कार्ट-टी सेल थेरेपी, एक उन्नत इम्यूनोथेरेपी है, जिसमें मरीज के रक्त से टी-सेल्स निकालकर उन्हें जेनेटिक रूप से इस प्रकार तैयार किया जाता है कि वे कैंसर कोशिकाओं को पहचानकर उनसे लड़ सकें। इसका उपयोग जटिल कैंसर, ऑटोइम्यून बीमारियों और रक्त संबंधी विकारों के उपचार में किया जाता है। डॉ. नीलेश जैन ने कहा कि कार्ट-टी सेल थेरेपी कैंसर इलाज में एक नए युग की शुरुआत है।

## बिजनेस साइट

### घर पहुंच निःशुल्क जांच सेवा से बुजुर्गों को मिल रहा बड़ा लाभ



**कोरबा।** समाज के स्तंभ रहे बुजुर्गों की सेवा को प्राथमिकता देते हुए न्यू कोरबा हॉस्पिटल ने एक अनूठी पहल की है। अस्पताल ने 31 अगस्त तक घर-घर पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार सेवा शुरू की है। यह सुविधा विशेष रूप से उन बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो शारीरिक अक्षमता, बीमारियों या अकेलेपन के कारण अस्पताल नहीं पहुंच पाते। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, कोरबा शहर के 10 किलोमीटर के दायरे में यह सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 50 से अधिक बुजुर्गों का पंजीयन किया जा चुका है और डॉक्टरों व नर्सिंग टीम ने उनके घर पहुंचकर उपचार संबंधी सेवाएं दी हैं। अधिकांश मरीज 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जो ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग और जोड़-दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे। सेवा का लाभ लेने वाले बुजुर्गों और उनके परिजनों ने न्यू कोरबा हॉस्पिटल की इस पहल की दिल से सराहना की है। उनका कहना है कि इस प्रयास से न केवल उपचार आसान हुआ है, बल्कि बुजुर्गों के चेहरों पर आत्मीय संतोष और मुस्कान भी लौटी है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना सबकी जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ यह कदम उठाया गया है ताकि कोई भी वरिष्ठ नागरिक केवल साधन या दूरी के अभाव में इलाज से वंचित न रह जाए। शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद बुजुर्गों को इस सुविधा की जानकारी दें और उन्हें घर बैठे जांच व उपचार का लाभ दिलाएं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### युवक का अपहरण...

रविवार की सुबह लगभग 11 बजे इंद्रपाल कंवर ग्राम गोढ़ी में प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए एक ग्रामीण के घर पहुंचा था और नापजोक कर रहा था इसी दौरान ग्राम पंडरीपानी में निवास करने वाले सीएसईबी कमी नंदराम झरोखा व हेम्स कॉर्पोरेशन में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ सत्रजीत सिंह व उसका चालक राजू देवेंद्र पटेल सहित अन्य लोग एक स्कॉर्पियो वाहन में सीधा ग्राम गोढ़ी पहुंचे और इंद्रपाल कंवर को स्कॉर्पियो में जबरदस्ती बिठाकर अपने साथ ले गए। जहां उसके साथ मारपीट करते रहे और कई घंटे तक उसे गाड़ी में घूमाते रहे जब वह बुरी तरह से जख्मी हो गया तो बाद में हमलावरों ने उसे ग्राम गोढ़ी के समीप स्थित कचांदी नाला के समीप फेंक दिया। जब बाद में इंद्रपाल कंवर को होश आया तो उसने अपने परिजनों को इसकी सूचना दी और सिविल लाइन थाना पहुंचकर पूरे घटना चक्र की जानकारी पुलिस के अधिकारियों को दी। अपहरण और मारपीट की घटना सामने आते ही पुलिस के अफसरों के कान खड़े हो गए और पुलिस के अफसरों ने मामले में तहकीकात शुरू करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले सीएसईबी कर्मी नंदराम पटेल हेम्स कारपोरेशन के सुपरवाइजर सत्रजीत सिंह, चालक राजू और देवेंद्र पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुरानी पेंशन और..

कंपनियों के मानव संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता, सहायक मुख्य अभियंता, उपमहाप्रबंधक एवं औद्योगिक संबंध अधिकारियों के साथ फेडरेशन ने अपने 7 सूत्रीय ज्ञापन के बिंदुओं पर चर्चा में सभी मांगों के संबंध में तार्किक सुझाव,नियम व अन्य सभी बातों पर विस्तार से संगठन का पक्ष रखा। संगठन के महामंत्री आरसी चेट्टी ने पुरानी पेंशन की बहाली, मृतक व निशक्त परिवार को 2004 से पुरानी पेंशन तथा 2004 के पूर्व विज्ञापन आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के पुरानी पेंशन के संबंध में केंद्र व कंपनी के आदेश अनुसार पुरानी पेंशन बहाली का अनुरोध किया। परिचारक लाइन (संविदा) कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में महासचिव द्वारा नियम कानून व नियमित पद के विरुद्ध कार्यरत संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए विशेष अनुरोध किया, जिस पर कंपनी अध्यक्ष द्वारा पुरानी पेंशन बहाली एवं संविदा कर्मियों के नियमितीकरण पर स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि उक्त दोनों मुद्दे बहुत महत्वपूर्ण हैं और इन दोनों ही मुद्दों पर कंपनी प्रबंधन गंभीरता से विचार कर रही है जिस पर अतिशीघ्र निर्णय लिया जाएगा।


**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE**

ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742





# अभियंता शिरोमणी भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी

## की जयंती (अभियंता दिवस) पर विशेष...



एक सौ एक वर्ष का यशस्वी जीवन जीने वाले मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया सदैव भारतीय आकाश में अपना प्रकाश बिखेरते रहेंगे। भारत सरकार द्वारा 1968 ई. में डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जन्म तिथि को अभियंता दिवस घोषित किया गया था। तब से हर वर्ष इस पुनीत अवसर पर सभी भारतीय अभियंता एकत्रित होकर उनकी प्रेरणादायिनी कृतित्व एवं आदर्शों के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित कर अपने कार्य-कलापों का आत्म विमोचन करते हैं और इसे संकल्प दिवस के रूप में मनाने का प्रण लेते हैं। संकल्प अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का समर्पित भाव से निर्वहन करते हैं। भारत की आज़ादी के बाद नये भारत के निर्माण और विकास में प्रतिभावान इंजीनियरों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गांव एवं शहरों के समग्र विकास के लिए सड़कों, पुल-पुलियों और सिंचाई जलाशयों सहित अधोसंरचना निर्माण के अनेक कार्य हो रहे हैं। हमारे इंजीनियरों ने अपनी कुशलता से इन सभी निर्माण कार्यों को गति प्रदान की है। राज्य और देश के विकास में इंजीनियरों के इस योगदान के साथ-साथ अभियंता दिवस के इस मौके पर भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रेरणादायक जीवन गाथा को भी याद किया जाता है।

































## खबर संक्षेप

### नागपुर में व्यापारी जुटान कार्यक्रम की राष्ट्रीय बैठक



**कोरबा।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में आगामी 15 और 16 सितंबर को नागपुर के श्री अग्रसेन भवन रविनगर में व्यापारी जुटान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रिटेल व्यापार पर ऑनलाइन कंपनियों के बढ़ते प्रभाव को रोकना और ग्राहकों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह जानकारी व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान, नई दिल्ली के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के चेयरमैन अशोक मोदी ने दी। श्री मोदी ने बताया कि विदेशी ऑनलाइन कंपनियों के बढ़ते बाजार के कारण छोटे और मध्यम वर्गीय खुदरा व्यापारी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। पारंपरिक व्यापार को बचाने, रोजगार के अवसर बनाए रखने और भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए व्यापारियों का एकजुट होना बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा, इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए नागपुर में हो रही इस राष्ट्रीय बैठक में देशभर के विभिन्न व्यापारी संगठनों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे इस आंदोलन को गति प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान लंबे समय से व्यापारियों के हितों की रक्षा कर रहा है और यह व्यापारी जुटान व्यापारियों की एकजुटता को नई दिशा देगा। इस अवसर पर व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय चेयरमैन सुनील सिंघवी मार्गदर्शन देंगे।

### हिन्दी हो या अंग्रेजी, सभी विषयों की पढ़ाई में आई तेजी

**कोरबा।** चौदह साल पहले इस गाँव में हाई स्कूल खुला तो यह सिर्फ एक गाँव के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं था। आसपास के अनेक गाँव के विद्यार्थियों के भविष्य को बदलने के साथ ही उन्हें नई दिशा में ले जाने वाला वह जरिया भी था,जिसमे उनके माता पिता की उम्मीद टिकी थी। आज भी इस विद्यालय में दूरदराज गाँव के विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं और इन विद्यार्थियों के माता-पिता का ख्वाब होता है कि स्कूल में उनके बच्चे अच्छे से पढ़ाई करें , आगे बढ़े और बेहतर भविष्य बनाएं, लेकिन दुर्भाग्य से इस विद्यालय में हिन्दी और अंग्रेजी जैसी महत्वपूर्ण विषयों के व्यख्याताओं की कमी थी। हिन्दी और अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं होने का खामियाजा यहाँ पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को ही उठाना पड़ रहा था। जिले से लगभग 115 किलोमीटर दूर अन्तिमछोर के गाँव लैंगी में वर्ष 2011 में हाई स्कूल खोला गया था। लैंगी के इस विद्यालय में आसपास के गाँव अमझर, पोड़ी कला, दुल्लापुर, तराई नार, पिपरिया, इमली बरहा, लैंगी,कोड़गार सहित आसपास के गाँव से बच्चे पढ़ाई करने आते हैं। वर्तमान में यहाँ कुल 46 विद्यार्थी है जो नवमीं और दसवीं की पढ़ाई करते हैं।

### उमरेली में 40वां नेत्रदान पखवाड़ा का हुआ आयोजन



**उमरेली।** करतला ब्लॉक के सभी ग्रामों स्कूलों कॉलेज में नेत्रदान पखाड़ा मनाया जा रहा है करतला ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरवानी और फरस्वानी आसपास के गांव और स्कूलों महाविद्यालय में नेत्रदान मनाया गया जो की 8 सितंबर को मनोज कुमार महंत नेत्र सहायक अधिकारी और अनु लता शर्मा, अरुण कुमार गुप्ता प्राचार्य और वहां के स्टाफ लोगों को नेत्रदान की जानकारी और छात्र-छात्राओं को जागरूकता करते हुए मनोज कुमार महंत नेत्र सहायक अधिकारी के द्वारा जानकारी दी। किसी भी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात नेत्रदान को संग्रहण किया जा सकता है, नेत्रदान से प्राप्त नेत्र से दृष्टि विहीन व्यक्ति के नेत्र में कार्निया प्रत्यारोपण कर दृष्टि वापस प्राप्त कर सकते हैं, एक व्यक्ति के दो नेत्रों से दृष्टिहीन दो व्यक्ति को दोबारा दृष्टि दिया जा सकता है, किसी भी व्यक्ति की मृत्यु के तुरंत बाद रिश्तेदार द्वारा नेत्रदान का निर्णय कर समय में सूचना देने पर नेत्र चिकित्सा द्वारा मृत्यु शरीर से दान किए गए नेत्र को निकाल कर सुरक्षित रख लिया जाता है, मृत्यु के पश्चात 6 घंटे के अंदर नेत्र संग्रह होना अनिवार्य है।

### प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में न्योता भोज व पौधरोपण

**कोरबा।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में मध्याह्न भोजन संचालित है। जन भागीदारी से न्योता भोज कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाया जा रहा है। इसी के तहत मां सिद्धिदात्री जन कल्याण समिति बांकीमोंगरा द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला शुक्लाखार में न्योता भोज कार्यक्रम रखा गया बच्चों को भोजन के साथ केला, खीर, पुड़ी परोसा गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया एवं कक्षा 1 से 8 के प्रथम स्थान प्राप्त मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष मुन्ना लाल साहू ने बताया कि हमारी समिति प्रत्येक माह कम से कम एक स्कूल को न्योता भोज कराती है। इस अवसर पर समिति साबित राम साहू, राम नारायण चौहान, अशोक अग्रवाल, अशोक कुमार पांडेय, कन्हैया घृत लहरें, पन्ना लाल साहू स्कूल प्रधान शिक्षक यज्ञेश कुमार पाण्डेय, श्रीमती राम कुमारी कंवर, शिक्षक राकेश कुमार भारिया, नंद किशोर चिंकी सिंह, शशि सोरी एवं शाला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## कटघोरा वनमंडल के विभिन्न रेंज में कैमरा लगाने की हो रही तैयारी

# हाथियों की ट्रैकिंग करने जंगल में लगेगा ऑटोमैटिक ट्रैप कैमरा, पल-पल की मिलती रहेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विचरण करता हाथियों का झुण्ड।

कटघोरा वनमंडल में हाथियों ने अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है और यही वजह है कि वनांचल क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीण और हाथी के बीच लगातार द्वंद बढ़ता ही जा रहा है इसे रोक पाना वन विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। वन विभाग को रोकने के लिए और ट्रैकिंग सही से हो सके इसके लिए ऑटोमेटिक ट्रेप कैमरा लगाने की तैयारी कर रहा है ताकि ऑटोमेटिक कैमरे के माध्यम से हाथियों की पल-पल की सूचना ग्रामीणों और वन विभाग के अधिकारियों तक पहुंच सके ताकि उसकी निगरानी पूरी हो हो सके।

उल्लेखनीय है कि 50 से अधिक हाथियों ने कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र को अपना स्थाई बसेरा बना लिया है। इन हाथियों को इस क्षेत्र में बेहतर रहवास मिल रहा है जिसके चलते पिछले 5 सालों से हाथी कटघोरा वनमंडल के ही होकर रह गए हैं। खासतौर पर हाथियों को यह क्षेत्र बहुत भा रहा है लेकिन हाथी लगातार जान माल का नुकसान पहुंचा रहे हैं जिससे ग्रामीणों की मुश्किल लगातार बढ़ती जा रही है। हाथी किसानों की खड़ी फसल को जाकर रौंद रहे हैं। वन विभाग द्वारा हाथियों को रोकने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रही है लेकिन अब तक के सारे उपाय फेल ही नजर आ रहे हैं। अब एक बार फिर से कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने हाथियों की सही तरीके से निगरानी हो सके और पल-पल की जानकारी ग्रामीण व अधिकारियों तक पहुंच सके इसके लिए वन विभाग द्वारा हाथी जिस जिस इलाके में आना-जाना करते हैं उस इलाके में ऑटोमेटिक ट्रेप कैमरा लगाने की दिशा पर बल दी जा रही है। बताया जाता है कि इसके लिए विभाग द्वारा सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है और आने वाले दिनों में इसका प्रोजेक्ट तैयार कर विभिन्न स्थानों पर ऑटोमेटिक ट्रेप कैमरा लगाया जाएगा और जैसे ही हाथियों का झुंड उस इलाके से पार होगा ऑटोमेटिक कमरे में कैद हो जाएगा और इसकी सूचना संबंधित अधिकारी व ग्रामीणों को मिल जाया करेगी।

**फसलों को लगातार कर रहे हैं चट**

कटघोरा वनमंडल में 11 हाथियों का झुण्ड बनिया गांव में सक्रिय है। हाथियों के इस झुण्ड ने रात भर खेतों में उत्पात मचाया और वहां लगे धान फसल को रौंद दिया। उधर 27 हाथियों का झुण्ड केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में अभी भी मौजूद है। हाथियों का यह झुण्ड खुर्रूपारा पहुंच गया और उत्पात मचाते हुए बड़ी मात्रा में फसल को तहस-नहस कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक झुण्ड से अलग होकर दो हाथी कोरबी पुलिस चौकी के निकट भी खेतों में पहुंच गए थे जिसे खदेड़ने पर वापस लौटा और अपने झुण्ड में शामिल होकर जंगल का रूख कर लिया। केंदई रेंज के मोरगा सर्किल में भी 12 हाथी विचरण कर रहे हैं, जिनका उत्पात जारी है।

**कुदमुरा रेंज में फिर दस्तक**

इस बीच कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में आधा दर्जन हाथियों की दस्तक हो गई है। पड़ोसी रायगढ़ जिले के हाटी रेंज से अचानक पहुंचे हाथियों के इस झुण्ड ने एक ग्रामीण के बाड़ी में घुसकर वहां लगे भुट्टा को चट कर दिया और कुदमुरा वन परिसर के कक्ष क्रमांक 1139-1140 के बीच जंगल में पहुंचकर विश्राम करने लगा है। रेंजर बी.एस.पैकरा ने बताया कि हाथियों का झुण्ड अभी इसी स्थान में है। वन विभाग हाथियों को लेकर सतर्क हो गया है और कुदमुरा व आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है।

## एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्रामीणों ने प्रबंधन को दिया अल्टीमेटम



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित ग्राम हरदीबाजार के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर बड़ा अल्टीमेटम जारी किया है। ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने साफ किया है कि जब तक उनकी सातों प्रमुख मांगों पर लिखित समझौता नहीं होता, तब तक किसी भी तरह का सर्वे या मकान तोड़ने की कार्यवाही नहीं होने दी जाएगी।

**खास बात**

- सात सूत्रीय मांगों पर लिखित समझौते की रखी मांग

ग्रामीणों ने पुनर्वास स्थल पर नाली, पानी, बिजली, सड़क, हाट-बाजार, खेल मैदान और सभी विभागों के कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग रखी है। साथ ही हाईकोर्ट बिलासपुर के आदेश के अनुसार प्रत्येक प्रभावित परिवार को एसईसीएल दीपका परियोजना में नौकरी देने पर जोर दिया है। इसके अलावा ग्रामीणों ने वर्ष 2004 और 2010 में नामांतरण प्रमाणीकरण कराने वाले सभी जमीन मालिकों को 100 प्रतिशत मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि मकानों और संपत्तियों की नापी के समय ही मुआवजा राशि और मालिकाना हक का पट्टा दिया जाए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सरकारी आदेशों के अनुसार मकान तोड़ने से पहले एकमुश्त मुआवजा देना अनिवार्य किया जाए। साथ ही अनुसूचित क्षेत्र में पेसा एक्ट के तहत अधिग्रहण और पुनर्वास की प्रक्रिया ग्राम पंचायत व ग्रामसभा की सहमति से ही पूरी की जाए। ग्रामीणों की सातवीं प्रमुख मांग यह है कि जिन परिवारों के मकान तोड़े जाएंगे, उन्हें उसी दिन मुआवजा राशि दी जाए और स्थानीय बेरोजगारों को निजी कंपनियों में तत्काल नौकरी उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ठोस और लिखित समझौता नहीं होता, तो वे किसी भी प्रकार की परियोजना कार्यवाही नहीं होने देंगे।

# त्यौहारी सीजन से पहले ही भीड़, ट्रैफिक नियंत्रण पर काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

त्यौहारी सीजन की शुरुआत होने में अभी देर है, लेकिन इससे पहले ही क्षेत्र में भीड़भाड़ की स्थिति बन रही है। इसके कारण ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पुलिस को जुटना पड़ा है। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम जिस पर ट्रैफिक को व्यवस्थित करने का जिम्मा है। उन्होंने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। उपलब्ध संसाधनों के साथ लगातार ऐसे मामलों में नजर रखने के साथ गड़बड़ी दिखाई देने पर कार्रवाई की जा रही है।

अधिकारियों ने वाहन चालकों को पहले से ही निर्देशित कर रखा है कि वे हर हाल में उचित स्थान पर ही पार्किंग करें। उनकी ओर से ऐसा कोई स्थिति निर्मित नहीं करनी है। जिसके कारण व्यवस्था बाधित हो और फिर जाम जैसी स्थिति निर्मित हो। इसके लिए विभिन्न पॉइंट पर विशेष मॉनिटरिंग भी की जा रही है और कार्रवाई भी। बताया गया कि नवरात्र पर्व शुरू होने से पहले ही शहरी क्षेत्र में यातायात से जुड़ी हुई व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए काम होगा। जिन क्षेत्रों में भीड़ कुछ ज्यादा होता है, वहां पर पुलिस की टीम ड्यूटी करेगी। उद्देश्य है कि ऐसा करने से ना केवल व्यवस्थाओं को ठीक किया जाए बल्कि भीड़भाड़ के दौरान अराजक तत्वों के द्वारा की जाने वाली घटनाओं पर भी ब्रेक लगाई जा सके। बताया गया कि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दुपहिया पर तीन सवारी के साथ प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने, मॉडिफाई साइलेंसर लगाने, बड़ी गाडि़यों में ब्लैक फिल्म और रेडियम पट्टी ना होने पर भी संज्ञान लिया जा रहा है। अब तक ऐसे सैकड़ो मामलों में पुलिस ने कार्रवाई की है। बताया गया कि शराब के नशे में गाड़ी चलाने पर धारा 185 के अंतर्गत चालकों के खिलाफ मामले बनाए गए हैं और उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस ने कहा कि यह अभियान सतत रूप से जारी रखा जाएगा।

# शहर के दो स्थानों में पशु विभाग की डिस्पेंसरी के प्रस्ताव दो साल से पड़े हैं लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सबसे ज्यादा मवेशी पालकों की संख्या कोरबा विकासखंड में है।

**खास बातें**

- बालको और सीतामढ़ी में शुरू किया जाना है डिस्पेंसरी
- मवेशी पालकों की संख्या इन दो स्थानों में है सर्वाधिक

जहां शहरी क्षेत्र में पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा दो डिस्पेंसरी शुरु किए जाने के प्रस्ताव बीते दो वर्ष से लंबित है। परिणाम स्वरुप बालको और सीतामणी क्षेत्र में डिस्पेंसरी शुरु करने के लिए स्वीकृति नहीं मिलने से मवेशी पालकों को शासकीय सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

पशु चिकित्सा विभाग जिले के पाली पोड़ीउपरोड़ा और करतला जैसे ग्रामीण इलाकों को डिस्पेंसरी शुरु करने हरी झंडी दिखा चुका है। किंतु शहरी क्षेत्र में बीते दो वर्ष से हरी झंडी नहीं मिली है। जिसके लिए विभाग के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। किंतु अब तक उसे इस मामले में सफलता हासिल नहीं हुई है। विभाग के द्वारा कोरबा ब्लॉक के शहरी क्षेत्र के बालको उपनगरीय और सीतामणी क्षेत्र में मवेशी पालकों की अधिक संख्या को देखते हुए डिस्पेंसरी खोले जाने की आवश्यकता जताते हुए इसका प्रस्ताव भेजा गया था। जिसकी स्वीकृति नहीं मिलने के कारण इन दोनों क्षेत्रों के मवेशी पालकों को पशु विभाग की चिकित्सीय सुविधा के साथ अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विभाग के द्वारा दो बार प्रस्ताव इस संबंध में स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जा चुका है। किंतु हर बार उसे निराशा ही हाथ लगी है। इस वर्ष भी उसके द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है। हालांकि इस बार स्वीकृति मिलने की संभावना जतायी जा रही है।

**दोनों क्षेत्रों से लगे ग्रामीण अंचल को मिलेगा लाभ**

बालको और सीतामणी में डिस्पेंसरी खोले जाने के बाद इन दोनों क्षेत्रों से लगे ग्रामीण अंचल के मवेशी पालकों को लाभ मिलेगा। बालको से लगे हुए ग्राम दोंदरो, बेला, सोनुपरी, गहनियां, खेतार, खुंटामुड़ा, पाड़ीमाड़, दैहानपारा, रिस्दी, पतरापाली, केशलपुर आदि ग्रामों के मवेशी पालकों को अपने मवेशियों की चिकित्सा सुविधा हेतु जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा। इसी तरह सीतामणी क्षेत्र में डिस्पेंसरी खोले जाने से बरबसपुर, कर्रानारा, कुदरीखार, भिलाईखुर्द जैसे ग्रामों के मवेशी पालकों को सुविधा मिल सकेगी। वर्तमान में कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत 3 पशु औषधालय तथा चार पशु चिकित्सालय हैं।

# कांग्रेस निकालेगी मशाल जुलूस, आम सभा के साथ कल होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वोटी चोरी लोकतंत्र पर हमला है, हमारा लोकतंत्र स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर आधारित है। भारत का चुनाव आयोग हमारे देश के चुनावों को ईमानदारी से संपन्न कराने और उसे राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रखने के लिए जिम्मेदार है।

**खास बात**

- जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल हुई प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी



कार्यकर्ताओं को सबोधित करते पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी, एआईसीसी सचिव सुश्री जरिता लैतफ्लांग ने जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आयोजित बैठक के दौरान कही। इस दौरान पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आगामी 16 सितम्बर की शाम 7 बजे सुभाष चौक निहारिका से स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति उद्यान तक विशाल मसाल जुलूस निकाला जाएगा और स्मृति उद्यान में आमसभा के साथ समापन किया जावेगा। श्री अग्रवाल ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि प्रत्येक कांग्रेस सदस्य एवं पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को निभाएंगे। कार्यक्रम के शुरूवात में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने मुख्य अतिथि सुश्री जरिता लैतफ्लांग एवं अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक का सफल संचालन पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने एवं आभार पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी, सांसद प्रतिनिधि सुरेश सहगल, प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, बीएन सिंह, प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, संतोष राठौर, पार्षद मुकेश राठौर, सुकसागर निर्मलकर, सुभाष राठौर, अनुज जायसवाल, बद्री किरण, नेता प्रति कृपाराम साहू, कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, हरीश परसाई, प्रदीप पुरायणे आदि उपस्थित थे।

# बाल संरक्षण अधिकारी व कर्मचारी अवकाश के दिन करेंगे बाल संप्रेक्षण गृह में ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बाल संप्रेषण गृह से अपचारी बालकों के भागने की लगातार बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अब यहां विभागीय कर्मचारी भी ड्यूटी करेंगे। जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों–कर्मचारियों की ड्यूटी बाल संप्रेक्षण गृह में लगा दी गई है। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रमुख सहित अन्य की अधीन ड्यूटी बाल संप्रेक्षण गृह में लगाई गई है। जिला बाल कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के लिए भर्ती किए गए इन अधिकारियों की देखरेख में विभागीय कुल 8 कर्मचारी साप्ताहिक अवकाश दिवस शनिवार और रविवार को रोस्टर अनुसार संप्रेक्षण गृह में रात 8 से सुबह 5 बजे तक रहेंगे और बालकों की देखरेख, निगरानी और व्यवस्थापन करेंगे। अवकाश के दिनों में रात्रिकालीन अर्थात रात्रि जागरण कर बच्चों की निगरानी करेंगे।




# अदाणी कोरबा पावर लिमिटेड में जागरूकता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अदाणी कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल) पताड़ी में विश्व ओज़ोन दिवस और सेवा पर्व के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। केपीएल संयंत्र के पर्यावरण विभाग द्वारा 16 से 20 सितंबर तक आयोजित किए जाने वाले इस अभियान में इस वर्ष की थीम विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई की ओर है, जो पर्यावरण संरक्षण एवं ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु समर्पित है तथा सेवा पर्व की भावना के अनुरूप है।

केपीएल के इस अभियान के दौरान कर्मचारियों, स्थानीय विद्यालयों एवं समुदायों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें नुक्कड़ नाटक एवं जन जागरूकता रैली, कपड़े के थैलों का वितरण एवं वृक्षारोपण, ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता, ठेका कर्मचारियों के लिए भाषण प्रतियोगिता, स्कूल के छात्रों के लिए निबंध, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता सहित केपीएल कॉलोनी निवासियों के लिए वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता इत्यादि को शामिल किया गया है। केपीएल प्रबंधन ने संयंत्र के सभी संबंधित लोगों से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की है ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को बल मिल सके। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अदाणी समूह, अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से सहित छत्तीसगढ़ के छह जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास और आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रम चला रहा है। जिनमें सरगुजा जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र उदयपुर ब्लॉक में पर्यावरण संरक्षण के तहत 1200 एकड़ से अधिक भूमि पर 15.68 लाख से अधिक पेड़ों का एक घना जंगल तैयार किया गया है।

